**राजस्थान सरकार**
**नगरीय विकास एवं आवासन विभाग**

क्रमांकः प. 4(94)नविवि/2024–11114 पार्ट–05 जयपुर, दिनांकः हस्ताक्षर तिथि

**–:आदेश:–**

राजस्थान अभियांत्रिकी सेवा (भवन एवं पथ शाखा) नियम 1954 एवं राजस्थान अभियांत्रिकी सेवा (भवन एवं पथ शाखा) नियम, 1973 (उक्त नियमों को नगरीय विकास विभाग (न्यास सेवा) के अभियन्ताओं पर आज्ञा कमांक प.1(10)नविआ/1981 दिनांक 28.02.1997 द्वारा प्रभावी किया गया है) के प्रावधानों के अंतर्गत सहायक अभियंता (सिविल) से अधिशाषी अभियंता (सिविल) के पद पर वर्ष 2025–26 की रिक्तियों हेतु रिव्यू विभागीय पदोन्नति समिति (DPC) की बैठक दिनांक 24.03.2026 को आयोजित की गई थी।

उक्त बैठक में **श्रीमती दीपिका नामा एवं श्री मनीष आत्रेय** का चयन, उनके सेवा अभिलेख (वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन) अपूर्ण होने एवं वर्ष 2024–25 का ऑनलाईन वार्षिक कार्य मूल्याकंन प्रतिवेदन (APAR) उपलब्ध नहीं होने के कारण स्थगित (Defer) रखा गया था।

**श्रीमती दीपिका नामा एवं श्री मनीष आत्रेय** द्वारा अपेक्षित अभिलेख पूर्ण कर विभाग में प्रस्तुत कर दिए गए हैं। इस संबंध में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 22.06.2026 को आयोजित कर उक्त स्थगित प्रकरण का पुनर्विलोकन किया गया। समिति द्वारा अभिलेखों की जांच उपरांत उन्हें पूर्ण एवं संतोषजनक पाया गया।

अतः विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंषा के क्रम में वर्ष 2025–26 की रिक्तियों के निम्नांकित सहायक अभियंता (सिविल) को अधिशाषी अभियंता (सिविल) के पद पर एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है :–

| क्र.सं. | नाम | श्रेणी | जन्मतिथि | रिक्ति दिनांक | चयन सूची में स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती दीपिका नामा | अनारक्षित | 12.08.1987 | 17.09.2025 | श्रीमती राजेश्वरी मीणा एवं श्री अनूप कुमार गुप्ता के मध्य |
| 2. | श्री मनीष आत्रेय | अनारक्षित | 28.12.1985 | 17.09.2025 | श्री अनूप कुमार गुप्ता एवं श्री विनीत कुमार के मध्य |

उपरोक्त अभियन्ताओं की पदोन्नति उनके नाम के सम्मुख अंकित रिक्ति दिनांक से प्रभावी होगी, लेकिन वास्तविक नकद वेतन का परिलाभ कार्यग्रहण तिथि से देय होगा। उक्त अभियन्ता अपने वर्तमान पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण कर रिपोर्ट इस विभाग को भिजवायेंगे।

इनके पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे।

आज्ञा से,

**(डॉ. राष्ट्रदीप यादव)**
शासन उप सचिव–तृतीय

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय राज्यमंत्री महोदय (स्वतंत्र प्रभार), नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त/सचिव समस्त न्यास/प्राधिकरण।
4. प्रोग्रामर, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
5. संबंधित अभियन्ता को विभागीय वेबसाईट के माध्यम से।
6. रक्षित/निजी पत्रावली।

शासन उप सचिव–तृतीय

Signature Not Verified
Digitally signed by Rashtradeep Yadav
Designation : Deputy Secretary To Government
Date: 2026.06.25 16:04:08 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23053914
M e-Sign